# Thirteenth Loksabha

## Session : 9
## Date : 29-04-2002

**Participants : Choudhary Shri Ram Tahal**

**Title:** Need to provide reservation in Gram Panchayats in Jharkhand in proportion to the population of different categories.

**श्री राम टहल चौधरी (रांची) :** महोदय, झारखंड प्रदेश में 12 जिलों में सभी ग्राम पंचायतों को अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित कर दिया है जबकि इन जिलों में दलित, मुस्लिम, पिछड़े एवं सामान्य वर्ग के लोग बड़ी तादाद में रहते हैं। कहीं-कहीं पर तो इनकी जनसंख्या 60 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक है। जहां पर आदिवासी कम संख्या में हैं, वहां पर पूरी तरह से आदिवासी लोगों के लिए आरक्षण कर दिया है जिससे अन्य वर्ग क्षुब्ध हैं और समाज में एकता, सौहार्दपूर्ण वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और इस क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करके विकास कार्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। जिन जिलों की पंचायतों में आदिवासियों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक है, वहां पर आरक्षण आबादी के हिसाब से किया जाए।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इस निर्णय की समीक्षा की जाए और इस प्रकार के बनाए गए कानूनों में शीघ्र संशोधन किया जाए।